*प्रेस विज्ञप्ति*

# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित दो–दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन

पंतनगर। 11 जनवरी 2026। विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिक महाविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं डिजिटल मैनुस्क्रिप्टपीडिया, ग्रेटर नोएडा द्वारा संयुक्त रूप से दो–दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस इम्पैक्ट–2026 का समापन आज कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. एस.एस. गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में ऐसे आयोजन करने हेतु प्रेरित किया। समापन समारोह में तकनीकी सत्रों के अध्यक्षों एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति–पत्र, स्मृति–चिह्न प्रदान किये गए।

अधिष्ठाता ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजन के लिए विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह एवं सचिव डा. अशोक कुमार की बधाई दी तथा समस्त प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समन्वयक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह ने कॉन्फ्रेंस के संबंध में सभी उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों को अवगत कराया। संचालन समिति के सदस्य डा. गुलशन श्रीवास्तव ने समीक्षा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश–विदेश के वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों द्वारा लगभग 150 शोधपत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रस्तुत किये गए। कॉन्फ्रेंस के सचिव डा. अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक ने कॉन्फ्रेंस के आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त प्रतिभागियों, विद्यार्थियों को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।







